प्रेस सूचना ब्यूरो
भारत सरकार
***

**केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने पूर्वी दिल्‍ली के कड़कड़डूमा में 'ईस्‍ट दिल्‍ली हब' का शिलान्‍यास किया**

**नरेंद्र मोदी सरकार ने 1731 अनधिकृत कॉलोनियों को अधिकृत कर 40 लाख लोगों को अपने घर का मालिक बनाया - केंद्रीय गृह मंत्री**

**सीएए पर विपक्ष ने एक भ्रांति पैदा की और दिल्ली की शांति को भंग किया गया – श्री अमित शाह**

**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक नई कार्य-संस्कृति इस देश के सामने रखी है, अब जो सरकार भूमि पूजन करेगी वही उसका लोकार्पण भी करेगी – केंद्रीय गृह मंत्री**

**दिल्ली के विकास में मुख्य बाधा दिल्ली सरकार है, जन कल्यान के 80 प्रतिशत वादे पूरे नहीं किए - श्री अमित शाह**

नई दिल्ली, 26 दिसंबर 2019

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने पूर्वी दिल्‍ली के कड़कड़डूमा में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के पहले स्मार्ट एवं ट्रांजिट ओरिएन्टेड डेवलपमेंट (टीओडी) प्रोजेक्ट का शिलान्‍यास करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक नई कार्य संस्कृति इस देश के सामने रखी है, अब जो सरकार भूमि पूजन करेगी वही उसका लोकार्पण भी करेगी।

श्री शाह का कहना था कि लाल किले की प्राचीर से श्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 2024 से पहले देश के हर घर के अंदर नल से शुद्ध पीने के पानी पहुंचाने का काम किया जाएगा और दिल्ली भी देश का हिस्सा है इसलिए राज्य सरकार जनता को गुमराह न करे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के पहले स्मार्ट एवं ट्रांजिट ओरिएन्टेड डेवलपमेंट (टीओडी) प्रोजेक्ट के माध्यम से विकास का नया आयाम लिखा जाएगा। उनका कहना था कि श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में एक के बाद एक कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया जा रहा है। श्री शाह ने कहा कि सालों से अनधिकृत कॉलोनियों में रह रहे लोगों की समस्या का निवारण किया गया और 1731 अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले 40 लाख लोगों को लाभ प्राप्त हो सका। श्री नरेंद्र मोदी सरकार ने यह तय किया कि सभी अनधिकृत कॉलोनियों को अधिकृत कर वहां रहने वालों को अपने घर का मालिक बनाया जाए और दृढ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए संसद में बिल पास कराकर कानून बनाया।



श्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली की सरकार ने 57 महीने तक कुछ नहीं किया और आखिरी के 3 महीने में तरह-तरह के विज्ञापन देकर जनता को भ्रमित किया जा रहा है, दिल्ली की जनता 60 महीने की सरकार चाहती है 3 महीने की सरकार नहीं चाहती।

श्री अमित शाह का कहना था कि गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया जिससे श्रृद्धालु वहां जाकर मत्था टेक सकें। उनका यह भी कहना था कि गुरु नानक देव ने उस समय प्रकाश की ज्योति जलाई जब देश को सबसे ज्यादा इस बात की जरूरत थी। उन्होंने बताया कि श्री नरेंद्र मोदी सरकार जनता के हितों के लिए बहुत से काम कर रही है और जहां झुग्गी, वहां मकान का कॉन्सेप्ट सबसे पहले देश के अंदर श्री नरेंद्र मोदी जी ने लांच किया था । श्री शाह ने कहा कि दिल्ली के अंदर एक समर्पित साइकिल पथ का निर्माण करने पर विचार किया जा रहा है जिससे प्रदूषण से तो मुक्ति मिलेगी ही, श्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री का कहना था कि अहमदाबाद के साबरमती फ्रंट की तर्ज पर यमुना के दोनों किनारों पर सौन्दर्यीकरण किया जाएगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि पूरे देश की जनता द्वारा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान भारत का लाभ लिया जा रहा है किंतु दिल्ली की जनता इस लाभ को नहीं ले पा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के गरीबों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान योजना का लाभ मिलना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि सीएए पर विपक्ष ने एक भ्रांति पैदा की और दिल्ली की शांति को भंग किया गया। श्री शाह ने कहा कि पीने के पानी के सैंपल सबसे ज्यादा दिल्ली सरकार के फेल हुए हैं। श्री अमित शाह ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने दिल्ली के विकास के लिए हजारो करोड रूपए के कार्य किए हैं।

****

डॉ वीजी/एसएनसी/डा.डीडी